तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 16 मई 2025



14 रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट जेआरसीसी क्लब ने स्पर्धा की





12 भिलाई इस्पात संयंत्र में जर्जर गैलरी और सड़कों ...







## 10वीं व 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार

इच्छुक छात्र आवेदन करें

फायर सेफ्टी के कोर्स
1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (ADIS)
6. पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (PDIS)

6 माह सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी



(DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:मो.7697212782 (1) पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़- 490023**

Advt.


## खबर संक्षेप



### अंडा के दो हितग्राहियों को सौंपी पीएम आवास की चाबी

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के हितग्राहियों को मिला प्रधानमंत्री आवास की चाबी जनपद पंचायत दुर्ग के ग्राम अंडा में दो हितग्राही परिवार श्रीमान उत्तम कन्नौज श्रीमती कीर्ति चौहान को तिलक लगाकर जनप्रतिनिधि गण आवास सौपा अवसर पर प्रमुख रूप से क्षेत्रीय जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर सरपंच दिग्विजय सिंह, उप सरपंच यशवंत बंजारे, पंचगंन हेमेंद्र चौहान गोपाल साहू फते चंद्राकर तिलक चंद्राकर कंप्यूटर ऑपरेटर नोहर चंद्राकर सचिव रूपेश सिंह पंच जंगलादास और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ओटेबंद सिरसिदा में आज समाधान शिविर

**अंडा।** सुशासन तिहार 2025 समाधान शिविर देवभूमि यज्ञ स्थल सिरसिदा-ओटेबन्द में आज 16 मई को आयोजित हो रहा है जिसमें जनता की समस्याओं के निवारण करने हेतु शासन के सभी विभाग की उपस्थिति रहेगी इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व दुर्ग ग्रामीण के विधायक श्री ललित चंद्राकर जी भाजपा जिला के अध्यक्ष श्री चेमन देशमुख जी जिला पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर जी जनपद पंचायत के अध्यक्ष श्री पुरुषोत्तम चंद्राकर जी जिला पंचायत की सदस्य श्रीमती कांति सोनेश्वरी जी श्री लेखराम साहू जी, श्री ठाकुरराम चंद्राकर जी, ओटेबन्द मंडल के अध्यक्ष कुलदीप साहू जी वह क्षेत्र के सभी निर्वाचित जनपद सदस्य सरपंच पंचगण उपस्थित रहेंगे शिविर का प्रारंभ 11:00 बजे भारत माता व छत्तीसगढ़ महतारी की तेल चित्र पर पूजा अर्चना कर किया जाएगा।

### कार में बैठकर हुक्का पीते पांच युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध रुप से हुक्का पीने की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर पांच रईसजादों को गिरफ्तार किया है। युवकों के खिलाफ पुलिस ने धारा 21(2) कोटपा एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पदमश्री तंवर ने बताया कि ट्रैफिक कार्यालय सुपेला के सामने इनोवा कार सीजी 07 बीएच 9500 में युवकों द्वारा हुक्का पिया जा रहा था। इस दौरान सुपेला पुलिस ने दबिश देकर इनोवा कार से साकेत नगर कोहका भिलाई निवासी अनिकेत नायक, वैशाली नगर ऋषभ कुमार जैन, सेक्टर 6 सडक 51 क्वाटर 1/एन 4 निवासी दीपक गुप्ता, डबरापारा निवासी दुर्गेश कुमार घृतलहरे, शांति नगर निवासी आयुष सोनी को पकड़ लिया।

### सोना और हीरे के जेवरात पार, केस दर्ज

**भिलाई।** मकान से हीरा व सोने के जेवरात को पार करने के मामले में भिलाई नगर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (ए) के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि तालपुरी निवासी किशोर भंडारी बीएसपी सेवानिवृत्त कर्मी है। मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किया गया। उसमें बाहरी व्यक्ति का फुटेज मिला है। बेड मे लगे कबर्ड मे रखे गहने की चोरी कर फरार हो गया। उक्त जेवरातों की कीमत 88 हजार 500 रुपए आंकी गई है।

# खरीफ के लिए खाद-बीज का सोसाइटियों में भंडारण नहीं, किसान परेशान

### सासंद विजय बघेल, जिला कलेक्टर एवं डीएमओ को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

अगले माह वर्षा ऋतु का आगमन होना है और किसानों के लिए खाद बीज का प्रबंध पर्याप्त मात्र में अभी तक सोसायटियों में नजर नहीं आ रहा है जबकि प्राइवेट दुकानदारो के पास पर्याप्त मात्र में खाद नजर आने लगा है।

सोसायटियों में डीएपी खाद अभी तक नहीं पहुंचा है जिससे किसान सोसायटियों के प्राधिकृत अधिकारियों के पास सतत संपर्क अपनी आवाज बुलंद करने लगे है। किसानों के इस जायज मांगों को लेकर सेलूद पाटन जामगांव आर एवं रानितराई ब्राच के सेवा सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारीयों ने डीएपी खाद एवं धान बिज की मांग हेतु दुर्ग सासंद विजय बघेल, जिला कलेक्टर एवं डीएमओ को ज्ञापन सौंपा। किसानों के हमदर्द किसान पुत्र सोसायटी प्राधिकृत अधिकारी भगवान सिंह चंद्रकार, तेजेन्द्र पिपरिहा, पारखत सिंह साहू, रूपसिंह सिंहा, संजय चंद्रकार, विनोद ठाकुर, बुद्धदेव चंद्रकार, बलभद्र वर्मा राजू, संतोष हीरवानी, बेनीराम साहू, योगेश्वर साहू, दानी राम वर्मा, राजेश बंछोर ने आवाज बुलंद किए।

**दुकानों में खाद उपलब्ध सोसायटी में क्यों नहीं:** जामगांव आर सोसायटी प्राधिकृत अधिकारी भगवान सिंह चंद्राकर सहित सभी प्राधिकृत अधिकारियों ने समवेत स्वर में ▶▶| शेष पेज 13 पर



#### सोसायटियां आपसी तालमेल बिठाकर डीएपी का उपयोग कर सकते है

डीएमओ भौमिक बघेल ने बताया कि डीएपी खाद उत्पादक उत्पादन का 75 प्रतिशत खाद हमे उपलब्ध कराती है, शेष 25 प्रतिशत ही मार्केट में सप्लाई करती है आर्डर सप्लाई डिमांड आवेदन की प्राथमिकता के आधार पर की जाती है, खाद उपलब्ध होने पर सूचित कर दिया जाएगा आपसी तालमेल बैठाकर सोसायटियां किसानों को खाद उपलब्ध करा सकती है। 2 सुपर 1यूरिया मिलाए डीएपी का काम करेगा। डीएपी की शार्टेज से बचने के लिए कृषि विभाग द्वारा जारी मार्गदर्शन का हवाला देते हुए डीएमओ बघेल ने बताया कि 2 बोरी सुपर 1 बोरी यूरिया मिलाकर काम में ले डीएपी का काम करेगा। परेशान होने के बजाय किसान कृषि विभाग के इस मार्गदर्शन को कारगर बनाए।

### मौसम : गर्मी से राहत मिली पर आफत साथ आई

# तूफान और बारिश से फसलें तबाह, खेतों में घुसा पानी और जनजीवन अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/डौंडीलोहारा/दल्लीराजहरा

भीषण गर्मी से राहत देने वाली बारिश ने दल्लीराजहरा अंचल में बर्बादी का मंजर भी साथ ला दिया। गुरुवार शाम मौसम ने ऐसा रुख बदला कि पूरे क्षेत्र में तेज आंधी, धूल भरी हवाएं, और झमाझम बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह हिला कर रख दिया।

प्रमुख सड़कों पर पेड़ गिरने से यातायात घंटों बाधित रहा और कई इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। जहां आम नागरिकों ने गर्मी से राहत की सांस ली, वहीं किसानों की मुश्किलें कई गुना बढ़ गई हैं। खेतों में खड़ी रबी की फसलें-खासकर गेहूं, चना और सब्जियां -तेज बारिश और तूफान की वजह से बर्बादी की कगार पर पहुंच गईं। खेतों में पानी भरने से फसल सड़ने की आशंका जताई जा रही है, जिससे अन्नदाताओं की मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है।





#### किसानों की पुकार

अचानक बदले मौसम से निराश किसान सरकार से मदद की गुहार लगा रहे हैं। उनका कहना है कि अगर समय रहते राहत और मुआवजा नहीं मिला, तो आने वाले समय में उनके सामने आर्थिक संकट और भी गहरा हो सकता है। दल्लीराजहरा में मौसम का यह अचानक पलटा जहां आमजन को गर्मी से राहत देने वाला प्रतीत हो रहा है, वहीं किसानों के लिए यह एक प्राकृतिक आपदा से कम नहीं। प्रशासन की सक्रियता और त्वरित सहायता ही अब अन्नदाताओं की उम्मीदों का सहारा बन सकती है।



#### जनहानि से राहत लेकिन नुकसान

कुछ इलाकों में वज्रपात की घटनाएं सामने आई हैं, लेकिन फिलहाल किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। हालांकि, मवेशियों की हानि और घरों के क्षतिग्रस्त होने की खबरें भी मिल रही हैं।

#### मौसम विभाग का अलर्ट

विशेषज्ञों ने आने वाले दो दिनों तक मौसम के ऐसे ही बने रहने की चेतावनी दी है। कहीं-कहीं ओलावृष्टि की भी संभावना जताई गई है। इसके चलते प्रशासन ने हाई अलर्ट जारी कर दिया है और तत्काल सर्वे टीमों को गांवों में रवाना कर नुकसान का आंकलन करने को कहा गया है।

## डौंडी की 5 पंचायतों में रस्सी निर्माण की मशीन पहुंची साथ में कोटेशन भी आया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

कोरबा जिला में जिला खनिज न्यास निधि में पूर्व में किए गए भ्रष्टाचार की ई डी द्वारा की जा रही जांच में तत्कालीन कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी जेल में है उसके बाद भी बालोद जिला में अधिकारियों को कोई डर भय नहीं है। छत्तीसगढ़ में किसी भी पार्टी की सरकार हो जिला खनिज न्यास निधि के बंदरबाट का सिलसिला अनवरत चलता रहेगा, जिसका उदाहरण आदिवासी विकासखंड डोंडी के जनपद पंचायत ने जिला खनिज न्यास निधि से स्वीकृत जनवरी 2025 में लगभग पांच पंचायतों में रस्सी निर्माण कार्य कृषि स्व सहायता समूह , कार्य एजेंसी सरपंच ग्राम पंचायत के नाम से कार्यादेश जारी किया गया है, प्रति ग्राम पंचायत में उक्त कार्य की लागत राशि 1.80 लाख रुपए बताया गया है, ग्राम पंचायतों में रस्सी निर्माण की मशीन भी पहुंच गई है साथ ही जानकारी मिली है की कोटेशन भी जनपद पंचायत डोंडी के माध्यम से पंचायतों में पहुंचा दिया गया है।

- जिला खनिज न्यास निधि के बंदरबाट उजागर

मिली जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत में उक्त मशीन किसने छोड़ा है इसकी जानकारी नहीं है ,मशीन की लागत राशि के संबंध कोई जानकारी नहीं दे पा रहे है ,जनपद पंचायत डोंडी के कार्यादेश में योजना के क्रियान्वयन एजेंसी सरपंच ग्राम पंचायत को बनाया गया है किंतु त्रिस्तरीय पंचायती ▶▶| शेष पेज 13 पर

#### सरपंचों को एजेंसी बनाने की उपेक्षा

योगेंद्र सिन्हा अध्यक्ष भाजपा मंडल कुसुमकसा ने कहा की जब क्रियान्वयन एजेंसी सरपंच ग्राम पंचायत को बनाया गया है तो सरपंच को नियमानुसार कार्य को संपादित करने देना चाहिए ,अधिकारी ही सब काम कराएंगे तो उनके निर्वाचित होकर आने का कोई औचित्य नहीं ,रस्सी निर्माण की मशीन और कोटेशन को पंचायत में किसने भेजा इसकी जांच कराने की बात कही अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य ने कहा कि पूर्ववती सरकार में जिला खनिज न्यास निधि का जमकर भ्रष्टाचार किया गया था जिसकी जांच भी होने की जानकारी मिली है ,भाजपा शासन में भी त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को मिले अधिकार का हनन करना जांच का विषय है की किसके दबाव में उक्त कार्य का संपादन किया जा रहा है इसकी जांच की जानी चाहिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंडी से उक्त संबंध में जानकारी लेने का प्रयास मोबाइल से किया गया किंतु उनके द्वारा मोबाइल रिसीव नहीं किया गया।

## सीएम की घोषणा के 25.50 करोड़ अटके, अर्जुंदा नगर पंचायत में विकास प्रभावित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगर पंचायत अर्जुन्दा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को नगर पंचायत के सीएमओ दिलीप कुमार यदु को ज्ञापन सौंपकर कहा नगर

- भाजपा कार्यकर्ताओं ने नपं सीएमओ को ज्ञापन सौंपकर स्मृति दिलाई

पंचायत चुनाव से पूर्व छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार ने नगर विकास के लिए ढाई करोड़ रुपए स्वीकृत किए थे। ताकि विभिन्न निर्माण कार्य कराए जा सके। पर निकाय चुनाव बीत जाने के महीने बाद भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव के मंशानुरूप जनता को ढाई करोड़ रुपए के विकास कार्य प्रारंभ नही होने के चलते लाभ नहीं मिल पा रहा है। ज्ञापन मे कहा गया है कि गया है कि स्वीकृत ढाई ▶▶| शेष पेज 13 पर

#### सौगात नहीं मिली

जिला भाजपा उपाध्यक्ष नरेश यदु व भाजपा मंडल अध्यक्ष विश्वास जीतू गुप्ता ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सभी नगरीय निकायों में तेजी से विकास कार्य हो रहे है। पर अर्जुन्दा नगर में नगरीय निकाय चुनाव से पूर्व हमारी सरकार विष्णुदेव की सरकार के मंत्री अरुण साव ने ढाई करोड़ रुपए की सौगात दे चुके है, पर अब तक जनता को विष्णुदेव सरकार की इस सौगात का लाभ नहीं मिल पाया है। इसके लिए हमारी सीएमओ से बात हुई है। हमने उनसे कहा है निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो इसका भी विशेष ध्यान रखा जाए। छोटे छोटे कामों को लेकर नगरवासियों को नगर पंचायत के चक्कर ना काटना पड़े, इसके लिए नगर पंचायत सीएमओ से बात हुई है। हम आने वाले समय में नगर के विकास के लिए विभागीय मंत्री अरुण साव से मिलकर नगर की आराध्य देवी मां शीतला मंदिर के विकास सहित विभिन्न मांगो को लेकर अपनी मांग रखेंगे।

## एकेडमी के 55 खिलाड़ियों का प्रशिक्षण जारी

**बालोद।** ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। छत्तीसगढ़ खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में बालोद जिला के शहीद वीर नारायण सिंह स्पोर्ट्स एकेडमी के 55 खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। जिसका शुभारंभ वीर नारायण सिंह इनडोर स्टेडियम में ताईकोंडों अध्यक्ष एवं भाजपा मण्डल अध्यक्ष अमित चोपड़ा, वार्ड पार्षद राजू पटेल, समाज सेवी धीरज कुमार के शुभाशीष से हुआ, इस प्रशिक्षण में खिलाड़ियो को बॉक्सिंग, जूडो, कराते किक बॉक्सिंग, ताईकोंडो, कालरीपट्टू, जैसे मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जो छतीसगढ़ ओलंपिक संघ व खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त है। इस अवसर पर शहीद वीर नारायण सिंह स्पोर्ट्स एकेडमी के अध्यक्ष किशोर नाथ योगी, ताईकोंडो सचिव त्रैमेश्वर साहू एवं एकेडमी के संरक्षक अजय यादव उपस्थित थे।



### विधायक ने लंबित आवेदनों का उल्लेख करते हुए अधिकारियों को चेताया

# ग्राम कनेरी सुशासन शिविर में भाजपा-कांग्रेस आमने समाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

छत्तीसगढ़ में चल रहे सुशासन तिहार के दौरान बालोद जिले के कनेरी गांव में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर भाजपा कांग्रेस दोनो ही पार्टी के नेताओं ने सवाल खड़ा किए है।

समाधान शिविरों मे मंच से दोनो प्रमुख पार्टी के नेताओं ने कहा राजस्व विभाग मे छोटेछोटे कार्यों के लिए ग्रामीण भटक रहे है। अतिक्रमण को बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकारी भुमि को कब्जा कर उसे बेचने का खेल चल रहा है। कार्यवाही के नाम पर दिखावा किया जा हरा है। संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने राजस्व विभाग की लंबित आवेदनों का उल्लेख करते हुए अधिकारियों को चेताया। विधायक ने नामांतरण, बटांकन, पट्टा, सीमांकन और आवास संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कुछ परिवारों के पास 3–4 आवास हैं, जबकि गरीब लोग एक छत के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। उन्होने कहा राजस्व प्रकरणों के निपटारे में बालोद जिले की स्थिति चिंताजनक है। जिले में अब तक कुल 10,696 प्रकरण दर्ज हुए हैं। इनमें से केवल 5,444 प्रकरणों का निराकरण हुआ है। 50.93 प्रतिशत के निपटारा दर से बालोद प्रदेश में 29वें स्थान पर है। विधायक संगीता सिन्हा ने कहा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय प्रदेशभर में औचक निरीक्षण कर जनता की समस्याएं सुन रहे हैं। पंचायतों में जन समस्या निवारण शिविर लगाए जा रहे हैं, लेकिन समस्याओं का समाधान अपेक्षित गति से नहीं हो रहा है।



#### सुशासन तिहार के शिविर बने समाधान के लिए मकड़जाल



**गुरूर।** संजारी बालोद से कांग्रेस विधायक संगीता सिन्हा ने सुशासन तिहार मे आम जनता की समस्याओ का समाधान नही हो रहा है। उन्होने कहा आवेदनों का समाधान शब्दों के मकड़जाल मे उलझाकर किया जा रहा है जिससे हितग्राही स्वयं को ठगा महसूस कर रहे है। समाधान शिविरों मे समस्याओं का समाधान जिस प्रकार से किया जा रहा है वह हितग्राहियों की समझ मे ही नही आ रहा हैं, प्रशासन आवेदन को निराकृत मान रही है पर समस्या वहीं की वहीं है। संगीता सिन्हा ने कहा मेरे पास दर्जनों हितग्राही आ चुके है, जिनकह समस्या का समाधान नही हुआ। पर प्रशासन उसे निराकृत मान रही है। समाधान शिविर में पहुंची कांग्रेस विधायक ने पत्रकारो से बात करते हुए कहा कि मैं हर शिविर में जा रही हुं। सब जगह बोला जा रहा है कि, समस्याओं का समाधान कर रहे है, लेकिन मुझे कही भी समाधान नजर नहीं आता। मुझे यह लगता है कि, सुशासन तिहार, समाधान शिविर ▶▶| शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप



### 12 वीं मे बीएसपी स्कूलों के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**भिलाई।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024–25 के लिए अखिल भारतीय वरिष्ठ विद्यालय प्रमाणपत्र परीक्षा 12 वीं में इस्पात संयंत्र द्वारा संचालित विद्यालयों ने एक बार फिर अच्छा प्रदर्शन दर्ज किया है। अनेक विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में अनन्या अग्निहोत्री (90.4 प्रति.), नौशबा नाज़ (91.2 ), तनवीर अफ़सान, ओजस्वी साहू, सौम्या यादव, याशिका शर्मा, कुणाल देवांगन, कनिका देवांगन, के. शुभम रेड्डी, आराध्या साहू, पाखी सिंह, आर्यन प्रसाद, आचल ठाकुर तथा अनन्या घोष प्रमुख रूप से शामिल हैं।

### मकान की आलमारी से 60 हजार की चोरी

**भिलाई।** मकान के आलामारी से नगदी पार होने के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 35, 331 (3) के तहत जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि शिव शक्ति कालोनी केम्प 2 भिलाई निवासी जॉहरा जबी कपडा सिलाई का काम करती है। 12 मई की दोपहर से शाम 6 बजे के मध्य अज्ञात ने उनके घर के छत से मकान में प्रवेश किया। जहां के अलमारी का लॉकर तोडकर लेडिस पर्स में रखे नगदी 60 हजार रुपए पर्स सहित चोरी कर फरार हो गया। पीड़िता घर पर नहीं थी। जब लौटकर आई तो आलामरी चेक करने पर रुपए गायब होने की जानकारी हुई। घटना की शिकायत पुलिस में किया गया है।

### अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वालों पर कार्रवाई

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के जोन क्रंमांक 1 अंतर्गत वार्ड क्रं. 04 नेहरू नगर चौंक रोड किनारे संचालित विभिन्न व्यापारियों द्वारा रोड नाली के उपर अतिक्रमण कर व्यवसाय संचालन कर रहे थे। आज स्वास्थ्य विभाग एवं राजस्व विभाग की टीम जांच करने पहुंची। तो पाया गया कि दुकान संचालकों के पास अनुज्ञप्ति लाईसेंस नहीं रखा गया था एवं सिंगलयूज प्लास्टिक पर सामान डालकर ग्राहको को बेचा जा रहा था। दुकान से प्लास्टिक को जप्त किया गया और उन पर 54200 रूपये का चालानी कार्यवाही करते हुए रसीद प्रदान किया गया। प्रमुख दुकानें द ग्रीन दे पॉर्लर सेंटर 5000, रूंगटा सुपर डेंटल क्लिनिक 15000, मॉ लक्ष्मी कम्प्युटर 1000, पूजा गुप्ता पैथोलाजी लैब 5000, तीरथ सोनकर फल सेंटर 1500, प्रहलाद हेल्थ केयर 5000, किडस केडम कैफे रेस्टोरेंट 6000, चंदन डेली नीडस 1200, अंसारी आटो पॉटस 1000, महेश यादव डेली नीडस 1500, मॉ लक्ष्मी जलपान 1000, ढिल्लन चिकन सेंटर 2500, सूरज फल सेंटर 1000, देवांगन डेली नीडस 500, अन्ना नाश्ता सेंटर 500, बाबा फूड सेंटर 500, गुलशन खातून मटका सेंटर 500, अकबर ताला चाबी सेंटर 1000, धनेश्वर देवांगन इटली डोसा 1500, मोनिका फ्लावर सेंटर 1000, कमल गुमनाम रेडिमेंट 1500 एवं आशीष साहू फल ठेला से 500 इस प्रकार कुल 54200 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई।

# भिलाई इस्पात संयंत्र में जर्जर गैलरी और सड़कों से दुर्घटना का अंदेशा

## स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक ने ईडी से की जल्द मरम्मत की मांग, मिला आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक ने सुरक्षा की दृष्टि से बीएसपी के अंदर समस्याओं के निदान की मांग की है। साथ ही कैंटीन व रेस्ट रुम को भी ठीक किए जाने पर जोर दिया है। प्रबंधन ने आश्वस्त किया है।

कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार के साथ यूनियन की हुई बैठक में प्लांट में जर्जर गैलरी, बिल्डिंग व सड़कों के खराब होने से कर्मियो को खतरा बना रहता है। इसे रिपेयर करने की मांग की। रेस्ट रूम एवं कैंटीन की स्थिति सुधारने, बोरिया गेट पर टू व्हीलर के लिए सेड बनाने ब्लास्ट फर्नेस 8 के एमसीसी रूम को रिनोवेट करने, टीएंडडी में ऑपरेटर एवं संटिंग स्टाफ को वॉटर बॉटल देने मार्स 1 का वर्कशॉप सैड रिपेयर करने व मॉडल कैंटीन खोलने की मांग किया। ईडी ने महासचिव वंश बहादुर सिंह ने कहा कि प्लांट की कई गैलरियों की नियमित सफाई नहीं होने से जर्जर हो चुकी है जिसके कारण से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। रेस्टरूम एवं कैंटीन की स्थिति मे सुधार के साथ इस्पात भवन की तरह प्लांट में भी दो जगह कॉफी हाउस खोलने की मांग की।



### कर्मियों का जल्द करें प्रमोशन

ब्लास्ट फर्नेस 1 से ब्लास्ट फर्नेस 7 के बीच व आरईडी वर्क्स बिल्डिंग के सामने की रोड पर रेत पड़े होने से दुर्घटना रोकने इसे हटाने व कोक ओवन मे जर्जर पीबीसीसी बिल्डिंग मरम्मत करने पर जोर दिया। कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा व एस रवि ने सीनियरिटी लिस्ट जारी नहीं होने के कारण कर्मचारियों का प्रमोशन के समस्या का निदान करने कहा। बैठक में उपाध्यक्ष अजय कुमार मार्टिन,सहित गिरिराज देशमुख, जी आर सुमन, धनेश प्रसाद रमाशंकर सिंह शिव शंकर सिंह, जी के अग्रवाल राजकुमार सचिव आरिफ मंजर विजय विश्वकर्मा रामजीत सिन्हा अनिल पारखे उपस्थित थे।

## पुत्र राजेंद की पंजाब को आतंकमुक्त करने तो अरुण ने भी देशरक्षा के साथ खेलों में दिया योगदान

# जिला का अनूठा फौजी परिवार, भारतीय सेना में तीसरी पीढ़ी दिखा रही पराक्रम

विमल शंकर झा ▶▶| भिलाई

आतंक का पर्याय बने नापाक पाक को अपने शौर्य से करारा सबक सिखाने वाली भारतीय सेना की पूरे देश दुनिया में जय जयकार हो रही है। यह हमारी फौज का पराक्रम ही है कि उसने दुश्मन देश को मात्र चार दिन में ही न सिर्फ घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया बल्कि सीजफायर के लिए तैयार होकर बड़ा दिल दिखाया। लोगों को यह जानकर गर्व होगा कि शांति और सदभाव का संदेश देने वाले लघुभारत भिलाई में एक ऐसा बहादुर परिवार है,जिसकी तीसरी पीढ़ी सेना में पराक्रम दिखा रही है। देशप्रेम के जज्बे से भरे गौरवान्वित परिवार के परिजन चाहते हैं कि बार बार भारत में आतंकी हमला कराने वाले पाकिस्तान को एक बार फिर भारत की ताकत का एहसास हो गया है। उसे पूरी तरह शक्तिहीन करना जरुरी है।

स्मृतिनगर स्थित ड्रीम होम कांलोनी के फौजी परिवार ने भारत -पाकिस्तान के बीच हुए पांच युद्धों में मां भारती के मस्तक को ऊंचा किया है। प्रतिष्ठित सिसौदिया परिवार के एक नहीं बल्कि चार सदस्य फौज में रहे हैं। वर्तमान में तीसरी पीढ़ी का पाक के पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना के चार दिनी एयर स्ट्राइक में योगदान रहा है। देशप्रेम और साहस की मिसाल इस गौरवशाली परिवार के मुखिया 86 वर्षीय जयनाराण सिंह सिसौदिया रिटायर फौजी हैं। उनके दो पुत्र राजेंद्र सिंह व अरुण कुमार सिंह सिसौदिया भी वर्षों फौज में रहे और अरुण सिसौदिया के सुपुत्र वर्तमान में अभिषेक सिंह वायु सेना नासिक में कार्यरत हैं। दोनों बहादुर बेटों सहित तीसरी पीढ़ी अभिषेक को देश की रक्षा के लिए फौज में जाने की प्रेरणा अपने पिता से मिली। देशभक्ति से भरा यह प्रदेश ही नही, शहर का वह अनोखा फौजी परिवार है, जिसे भारत पाक के बीच अब तक हुए चारों युद्धों में असीम पराक्रम से विजयी योगदान देने का फक्र है। और आज भी देशभक्ति के जज्बे से भरा हुआ है। यूपी मऊ सर्वागोदाम निवासी रिटायर फौजी जयनारायण सिंह ने बांसठ में भारत चीन युद्ध खत्म होते ही एएससीसी ( आर्मी सर्विस कोर) इलाहाबाद में आर्मी ज्वाइन कर बैंगलोर, गोरखपुर व लेह आदि में 28 साल तक देश की रक्षा की। बताते हैं कि 65 में भारत पाक के युद्ध में उनकी ड्यूटी शिमला और 71 के बांग्ला देश का निर्माण कराने वाले ऐतिहासिक युद्ध व विजयी कारगिल वार लेह में थी। फौजी परिवार की देश रक्षा की विरासत को हमारे दोनों पुत्रों के भी रिटायर होने के बाद अब तीसरी पीढ़ी एयरफोर्स में जौहर दिखा रही है।

### पिता जय नारायण ने 65, 71 व 98 के कारगिल युद्ध में दिखाया शौर्य







### सिसौदिया परिवार का अपूर्व योगदान, अभिषेक भी एयरफोर्स में

ड्रीम होम निवासी रिटायर फौजी 86 वर्षीय श्री सिंह के बड़े पुत्र राजेंद्र और अरुण सिसौदिया को भी वर्षों सेना में देश की रक्षा करने का गर्व है। सेवानिवृत्ति बाद भिलाई के निजी कालेज मे प्रशासनिक अधिकारी राजेंद्र सिंह एफएसएनएल यूनियन के अध्यक्ष व कांग्रेस नेता अरुण सिसौदिया सेना में ( ईएमई) इलेक्ट्रानिक्स एंड मैकेनिकल इंजीनियरिंग) कोर 20 साल से अधिक देश रक्षा में योगदान दिया। रडार इंजीनियर रहे राजेंद्र सिंह बताते हैं कि 1988 में गुरुदासपुर पंजाब बार्डर में ज्वाइनिंग बाद आतंक से जूझ रहे पंजाब में आतंकियों के सफाये के लिए डीजीपी केपीएस गिल के चैलेंजिंग आपरेशन रक्षक (1991,92) को सफल करने में हमारी ईएमई की अहम भूमिका रही। बीएसएफ से बच निकलने वाले आतंकियों को रोकना हमारा काम था। हम आर्मी में रडार, टैंक व एयर डिफेंस सिस्टम को इंजीनियरिंग सपोर्ट देते थे। 96 में मेडिकल ग्राउंड पर रिटायर श्री सिंह बताते हैं कि हमारी सेना ने पाक को करारा जवाब दिया है। हमें आतंक की फैक्ट्री पीओके मिल जाए तो दुनिया से आतंक का सफाया हो जाएगा।1987 में ईएमसी सेंटर भोपाल में नियुक्ति बाद छोटे भाई अरुण कुमार सिसौदिया गुजरात, नासिक, देवलाली शौर्य दिखाने के साथ सेना की टीम से बतौर वालीबांल व बास्केट बांल खिलाड़ी कई नेशनल मैच भी जिताए। वीआर लेने के बाद बाद एफएसएनएल में सेवां दीं और एफएसएनएल यूनियन प्रांतीय अध्यक्ष व कांग्रेस के एआईसीसी मेंबर श्री सिसौदिया बताते हैं कि जिस बोफोर्स में राजीव को बदनाम किया उसी माडिफाइव बोफोर्स ने सेना के शौर्य से कारगिल युद्ध जिताया। अब आगे हमारा टार्गेट पीओके फतह होना चाहिए। अब एयरफोर्स आफिसर के रुप में बहादुर बेटा अभिषेक हमारी परंपरा को गौरवान्वित कर रहे हैं।

# लोगों ने कहा- हम सब पानी डालेंगे, तब अधूरी सड़क शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर निगम भिलाई के जोन क्रमांक 03 मदर टेरेसा नगर वार्ड क्रमांक 31 में शिकायत मिली थी कि सड़क सीमेंटीकरण का कार्य चल रहा था। ठेकेदार द्वारा बीच में निर्माण को रोक दिया गया है। राप्त शिकायत का अवलोकन करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय जोन आयुक्त सतीश यादव के साथ मदर टैरेसा नगर वार्ड क्रमांक 31 में गए, वहां पूर्व निर्मित सीमेंटीकरण सड़क का अवलोकन किए। वहां उपस्थित लोगों की समस्याओं को सुना। सबका यही मांग था कि बची हुई सड़क का भी सीमेंटीकरण कर दिया जाए। जब उन्हे बताया गया कि पानी के तराई की समस्या के कारण ही सड़क के काम को अभी रोका गया है। तब स्थानीय नागरिकों ने एक स्वर में कहा बची हुई सड़क का निर्माण करा दीजिये। हम लोग जिम्मेदारी लेते हैं, अपने घर के सामने बनी सड़क पर पानी डालेगें। जब सड़क हमारे लिए बन रहा है तो पानी डालने का दायित्व भी हमारा है। यह आश्वासन मिलते ही आयुक्त ने जोन आयुक्त को तत्काल बचे हुए सड़क को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

■ जोन तीन मदरटेरेसा नगर का मामला

### मानसून के मद्देनजर दिया था आदेश

नगर निगम भिलाई द्वारा पूर्व में आदेश जारी किया गया था कि भीषण गर्मी को देखते हुए 15 जून मानसून आने तक अभी सड़कों का सीमेंटीकरण नहीं होगा। क्योंकि सड़क सीमेंटीकरण के लिए पर्याप्त पानी के तराई की आवश्यकता होती है, तराई नहीं हो पाने से सड़क की मजबूती कम हो जाती है और बीच-बीच से क्रेक भी हो जाती है। उपअभियंता शंकर सुमन मरकाम को निर्देशित किए कि निर्माणाधीन सड़क के गुणवत्ता में किसी प्रकार का कमी नहीं होना चाहिए। यदि कोई कमी है तो संबंधित ठेकेदार को नोटिस दिया जाए। यदि उसके द्वारा काम में लापरवाही किया जा रहा है तो कार्य को निगम मद से करावाकर संबंधित ठेकेदार से राशि की कटौती कर दिया जाए।

# वैशाली नगर में सुशासन तिहार का दरबार, 500 से ज्यादा आवेदन लिए गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शहर में सुशासन तिहार का दरबार वैशालीनगर स्थित लोकांगन में लगा, जहां वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने लोगों को आवेदन के किए गए समाधान की जानकारी दी। इस दौरान सरकारी विभागों के डेढ़ सौ से ज्यादा अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर में विभिन्न समस्याओं के लगभग 5 सौ आवेदन जमा हुए। शिविर में पहुंचे वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि शासकीय विभागों में लोगों को अपनी समस्याएं लेकर न भटकना पड़े इसलिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी विभागों को शिविर में एकत्र कर क्षेत्रवासियों की समस्याएं जानने और उनके शीघ्र निराकरण के लिए सुशासन तिहार प्रारंभ किया है। आने वाले आवेदनों का तत्काल समाधान का प्रयास शिविर में मौजूद अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने महतारी वंदन का पिटारा खोल दिया है। ऐसी महिलाएं शिविर में पहुंच कर महतारी वंदन योजना का फार्म महिला एवं बाल विकास काउंटर पर भर रही हैं। शिविर में एक व्यक्ति ने आवेदन के माध्यम से अवगत कराया कि सुपेला में रहने वाला एक दल कश्मीर गया हुआ था। वहां पर जमात में शामिल एक युवक को लकवा का अटैक आ गया। पीड़ित के छोटे भाई ने आवेदन देकर श्रीनगर से दिल्ली लाने एयर टिकट की व्यवस्था के लिए अर्जी लगाई। श्रीनगर से एंबुलेंस से दिल्ली लाने पर लगभग 25 हजार का खर्च आ रहा है, जो कि इस परिवार के लिए संभव नहीं। रिकेश सेन ने तत्काल कलेक्टर और सीएम विष्णुदेव साय से बात कर दिल्ली आने का एयर फेयर का इंतजाम कराया।

■ वैशालीनगर विधायक रिकेश शिविर में हुए शामिल

# अहेरी चौक के पास पकड़े गए चार संदिग्ध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दो युवक और दो युवती के खिलाफ धारा 170/126,135 (3) बीएनएसएस के तहत जुर्म दर्ज किया है एएसपी पदमश्री तंवर ने बताया कि ग्राम अहेरी चौक के पास स्थित मकान में अवैध क्रियाकलाप की सूचना पर नंदिनी पुलिस दबिश देने पहुंची। इस दौरान ओम प्रकाश पटेल, बलीराम वर्मा, हेमलता चेलक, धनेश्वरी सेन को पकड़ा गया। उक्त युवक युवतियों द्वारा अपने कल्याण कालेज अहेरी स्थित किराये के मकान में अवैध क्रियाकलाप किया जाना पाया गया। गिरफ्तार कर न्यायालय भिलाई तीन में पेश किया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक देह व्यापार के संदेह पर आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। आरापियों से पूछताछ की जा रही है। उधर इस घटना के बाद आरोपियों के समर्थन में कुछ लोग थाने भी पहुंच गए थे।

# ठेका मजदूरों को किया जागरुक



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में द्वारा ठेका मजदूरों के लिए सुरक्षा जागरूकता क्विज़' प्रतियोगिता का आयोजन स्टील ज़ोन, आयरन ज़ोन, मिल्स ज़ोन तथा मिसलेनियस ज़ोन सहित संयंत्र के पाँचों ज़ोन में किया जा रहा है। प्रतियोगिता की प्रारंभिक स्तर पर शांप तथा विभागीय स्तर पर क्विज़ प्रतियोगिता हुई। इंट्रा–ज़ोनल क्विज़ के प्रारंभिक स्तर पर संबंधित विभागों से चयनितदो सदस्यों की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को 50 अंकों की लिखित परीक्षा व मौखिक प्रश्न हुए। 21 मई को आयोजित होने वाली इंटर–ज़ोनल संयंत्र स्तरीय फाइनल प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा करेंगी।स्टील ज़ोन से 15 टीमों एवं मिसलेनियस ज़ोन से 20 टीमों ने इंट्रा–ज़ोनल चरण में भाग लिया। स्टील ज़ोन एवं मिसलेनियस ज़ोन की इंट्रा–ज़ोनल प्रतियोगिताएं 13 मई को आयोजित की गईं। स्टील ज़ोन की क्विज़ का आयोजन एसएमएस–2 कान्फ्रेंस हाल में हुआ।

■ संयंत्र स्तरीय सुरक्षा जागरूकता क्विज़ प्रतियोगिता

### यह रहे विजेता

स्टील ज़ोन की प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि सीजीएम प्रभारी तापस दासगुप्ता व विशिष्ठ अतिथि सुशांत कुमार घोषाल थे। विशिष्ट अतिथि जीएम राजीव पांडेय व सीजीएम देबदत्त सतपथी व पुष्पा एम्ब्रोज़ थे।स्टील ज़ोन के इंट्रा–ज़ोनल राउंड में प्रथम आरईडी क्षेत्र की टीम मेसर्स आरएचआई के शिवकरण सिंह एवं मेसर्स स्नेहा कंस्ट्रक्शन के पुष्कर साहू को प्राप्त हुआ। द्वितीय स्थान एमआरडी विभाग की टीम मेसर्स बलवंत के श्री सुनील वर्मा एवं श्री ओमप्रकाश हरमुख ने प्राप्त किया।।

## नगर निगम भिलाई की कार्रवाई की तैयारी, जमा नहीं करने पर वसूलेगा 5 प्रतिशत अधिभार

# 250 छोटे उद्योगों ने नहीं चुकाया सीमा कर, दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई निगम क्षेत्र के तीन जोन में छोटे, मंझोले और बड़े उद्योग धंधे संचालित हो रहे हैं। उद्योगों द्वारा यहां से दीगर स्थानों में माल का निर्यात किया जा रहा है। उसके बाद भी कई उद्योग निगम को माल निर्यात पर सीमा कर नहीं दे रहे हैं।

निगम की सामान्य सभा में आय बढ़ाने के लिए निर्यात सीमा शुल्क लेने का प्रावधान किया गया है। इस शुल्क को नहीं पटाने वाले उद्योगों का चिहांकन कर निगम नोटिस जारी कर रहा है। ऐसे 250 संस्थानों को निगम ने नोटिस थमाया है।

### इस नियम के तहत लेना है शुल्क

छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 132(2) के अधीन बनाए गये छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम सीमा से निर्यात किए गए माल पर सीमा कर निर्धारण एवं संग्रहण नियम 1996 के अधीन सीमा कर की राशि निगम कोष में जमा करना होता है। जो भी उद्योग या संस्था यहां पर निर्मित सामग्री का विक्रय सड़क के माध्यम से अन्य स्थानों के लिए करता है। तो उसे नियमानुसार निर्यात कर संबंधित निकाय क्षेत्र में जमा करना होता है।



### इन सामानों पर ये टैक्स तय

निगम ने सामनों का शुल्क तय किया है। अनाज/कृषि/कपड़े/लोहा पर 0.10 प्रतिशत, बिल्डिंग मटेरियल/हार्डवेयर पर 0.20 प्रतिशत, फल/साबुन/सोडा/फर्नीचर पर 0.25 प्रतिशत, मसाले/इलेक्ट्रानिक/मोटर वाहन सामग्री/इमारती लकड़ी पर 0.50 प्रतिशत एवं शराब/बियर/अफीम पर 1.00 प्रतिशत निर्यात कर के रूप में निगम कोष में जमा किया जाना होता है।

### बीएसपी सहित ये उद्योग दे रहे शुल्क

निगम के मुताबिक वर्तमान में कुछ संस्थाओं द्वारा निर्यात कर की राशि जमा की जा रही है। जो इस प्रकार से है भिलाई इस्पात संयंत्र (सेल), भिलाई स्टील अथार्टी ऑफ इंडिया लिमिटेड, स्टील अथार्टी ऑफ इंडिया सेल रिफेक्ट्री यूनिट भिलाई, जे.पी. सीमेंट लिमिटेड भिलाई, अतुल ऑक्सीजन कंपनी 28 ए एण्ड्रस्टियल एरिया भिलाई, अतुल आक्सीजन कंपनी 28 बी एण्ड्रस्टियल एरिया भिलाई, अतुल क्रायोगेसिस गैस भिलाई, भिलाई सीमेंट पाईप मेन्चुरी, एन वायरर्स प्राईवेट लिमिटेड 20 लाईट एण्ड एरिया, बी. के. कास्टिंग लिमिटेड वोस्लो प्लांट, बी. के. इंजीनियरिंग कार्पोरेशन 45/47, सिम्पलेक्स इंजीनियरिंग फाउण्ड्री वर्कस, सिम्पलेक्स कास्टिंग लिमिटेड, विश्वा इंजीनियरिंग प्राईवेट लिमिटेड आदि द्वारा जमा किया जा रहा है।

### नोटिस का जवाब नहीं दे रहे उद्योग

निगम भिलाई द्वारा ऐसे सभी संस्थाओं को जिनके द्वारा सामग्री निर्यात की जा रही है। उनको नोटिस दिया गया था, जिसका जवाब उनके द्वारा वास्तविक रूप से नहीं दिया गया है। जबकि आयकर विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार संस्थाओं द्वारा अपने संस्था से निर्मित उत्पाद को भिलाई सीमा क्षेत्र से बाहर भेजा जा रहा है। सभी संस्थाओं को नगर निगम अधिनियम 1996 के अधीन सीमा कर की राशि 15 दिवस के भीतर निगम कोष में जमा करने का अंतिम नोटिस दिया गया है।

### लगेगा 5 प्रतिशत अधिभार

निगम आयुक्त राजेश कुमारपांडेय ने बताया कि जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र, जी.एस.टी. विभाग, पर्यावरण संरक्षण विभाग एवं कार्यालयीन जानकारी अनुसार नगर निगम भिलाई को देय सीमा कर की राशि तथा 5 प्रतिशत अधिभार की नियमानुसार गणना की जावेगी। उसके पश्चात संस्था की चल/अचल संपत्तियों की कुर्की एवं नीलामी की कार्यवाही करते हुए सीमा कर वसूली की कार्यवाही की जावेगी। इसके नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता आर.एस.राजपूत को बनाया गया है। उनके अधिनस्थ जोन के प्रभारी राजस्व अधिकारी अपने दल के साथ संस्थाओं में जाकर नोटिस तामिल करवा रहे है।

# 16वीं राज्य स्तरीय स्पर्धा में 27 स्वर्ण 20 रजत व 11 कांस्य पदक जीतकर चैम्पियनशिप पर किया कब्जा

**भिलाई।** 16वीं राज्य स्तरीय वुशू मार्शल आट्र्स प्रतियोगिता में 27 स्वर्ण, 20 रजत व 11 कांस्य पदक सहित कुल 58 पदक जीतकर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर चैम्पियनशिप पर अपना कब्जा किया। इस प्रतियोगिता में पुरे राज्य से 300 खिलाड़ी पहुंचे थे।

दुर्ग जिले के फुल कॉन्टेक्ट कराते की टीम सबसे बड़ी टीम थी।कारा - कु - जु - बो- काई - कान फुल कॉन्टेक्ट कराते के खिलाड़ी संस्था के डायरेक्टर सेन्साई गिरीराव के नेतृत्व में दुर्ग जिले के सांसद विजय बघेल से मिलने पहुंचे, जहां सांसद ने सभी को बधाई देते हुए आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया। ये सभी विजयी खिलाड़ी सेन्ट पालोटी इंटरनेशनल स्कूल में 3 से 7 मई तक आयोजित 16वीं राज्य स्तरीय वुशू मार्शल आट्र्स प्रतियोगिता प्रथम स्थान प्राप्त कर चैम्पियनशिप में विजेता बने। इस प्रतियोगिता में तकनीकी व निर्णायक, टीम मैनेजर व कोच के रूप में भरत साहू, आरती साहू, सुभाष सोनी, लक्ष्मी तिवारी व मनोज नेताम थे। सीनियर ब्लैक बेल्ट अरविंद चन्देल, दीपक गुप्ता, जे पी राजू, रामकुमार पांडे, गांधी सोनी, श्रवण साहू का विशेष सहयोग रहा।

■ कान फुल कॉन्टेक्ट कराते के खिलाड़ी में मिले सांसद विजय

# आंधी चली और हुई मूसलाधार बारिशबस स्टैंड में भरा पानी, बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिला मुख्यालय सहित जिले मे गुरूवार सुबह से ही तेज धूप के साथ गर्मी का अहसास लोगो को हुआ लेकिन दोपहर होते होते मौसम ने अचानक करवट ली और आंधी तुफान के साथ मूसलाधार बारिश दोपहर के बाद देखने को मिला जो शाम तक होती रही। इससे नगर मे कई जगह जल भराव की स्थिति निर्मित हो गई। बे मौसम बारिश मे भी नगर का बस स्टैण्ड में जल भराव हो गया इससे एक माह बाद आने वाली बारिश के बाद की स्थिति की एक झलक दिखा बारिश ने डराना आरंभ कर दिया है। इस दौरान अचानक बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त नजर आया, जहां जिला मुख्यालय आए लोग अचानक से हुई बारिश के कारण बारिश से बचने छाता व रेनकोट का सहारा लेते दिखे। वही जिले मे धान फसल की कटाई जोरो मे है, जब किसानो को अपनी धान की फसल बचाने के लिए पानी की जरूरत थी उस समय कई फसल पानी की कमी के कारण मर गए और अब फसल कटाई के समय पानी गिरने के कारण फसल खराब होने की चिंता किसानो मे बनी हुई है। वही अचानक हुए इस बारिश से प्रशासन के दावों की पोल खुल गई है, शहर के कई जगहो मे जलभराव की स्थिति देखने को मिली। जहां शहर का बस स्टैण्ड पूर्व बारिश मे ही जल भराव के कारण तालाब मे तब्दील होते नजर आया था।

## जेठ के महीने में सावन का मौसम आने से दिनचर्या बिगड़ी





### पानी का जमाव है समस्या

आगामी दिनो मे अब बारिश के दिन प्रारंभ होने वाले है ऐसे मे नगर पालिका द्वारा नालियो की साफ सफाई पर किस प्रकार के निर्णय लेकर बरसात के दिनो मे होने वाले जलभराव से निपटती है यह देखने वाली बात होगी क्योकि इसके पूर्व मे उन्ही चुंनिंदा जगहो मे अक्सर जलभराव की खबरे आती है लेकिन उन जगहो के जलभराव की समस्या दूर होते नजर नही आ रही है।

### हुआ जलमग्न

गुरूवार को हुई बारिश के कारण फिर एक बार जिला मुख्यालय का बस स्टैण्ड जलमग्न हो गया और बस के पहिये जलभराव के कारण नही दिख रहे थे वही छोटे वाहन बस स्टैण्ड मे भरे जल को देखते हुए वहां जाने से बचते नजर आए। गुरूवार को नगर पालिका द्वारा शहर के हृदय स्थल सरदार पटेल मैदान मे समाधान शिविर का आयोजन किया था, दोपहर को हुई तेज बारिश के बाद समाधान शिविर मे पानी फिर गया और दोपहर के बाद हुई बारिश से मैदान ही जलमग्न हो गया और टैंट व दरी पानी मे डूबे दिखे। जिससे खेल मैदान तालाब की तरह नजर आने लगा।

## खबर संक्षेप

### केन्द्रीय जेल में विधिक जागरुकता शिविर

**दुर्ग।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा केन्द्रीय जेल दुर्ग का निरीक्षण कर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जेल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जेल में निरुद्ध बंदियों को प्रभावी और कुशल विधिक सहायता प्रदान करना तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। बंदियों को उनके अधिकारों की जानकारी प्रदान कर कहा गया कि आपका यह अधिकार है कि आप अपने केस की स्थिति जानें। निःशुल्क विधिक सहायता की सुविधा पर जोर देते हुए बताया गया कि पैनल लॉयर और लीगल एड डिफेंस काउंसिल निःशुल्क प्रकरण की पैरवी करते हैं। सचिव ने लीगल एड डिफेंस काउंसिल की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे लीगल एड लॉयर के काम पर भरोसा रखें क्योंकि उनके कार्यों की मासिक समीक्षा की जाती है। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक मनीष सम्भाकर, लॉयर सौरभ सेन्द्रे आदि मौजूद थे।

### अघोषित बिजली बंद से लोग हो रहे परेशान

**दुर्ग।** पूर्व एल्डरमैन डॉ प्रतीक उमरे ने कलेक्टर अभिजित सिंह से विद्युत विभाग की बदहाल कार्यप्रणाली में तत्काल सुधार लाने तथा इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग की है। पूर्व एल्डरमैन डॉ प्रतीक उमरे ने कहा कि एक ओर जहां छत्तीसगढ़ शासन सरप्लस बिजली वाला राज्य है। वहीं दूसरी ओर भीषण गर्मी में दुर्ग एवं आसपास के क्षेत्रों में प्रतिदिन बिजली बंद होने की वजह से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## निधन

### पदम बाई जैन



**कुसुमकसा।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक हमीरमल जैन ( गुणधर ) की धर्म सहायिका श्रीमती पदम बाई जैन (गुणधर) का निधन मध्य रात्रि में हो गया है। वे रमेश कुमार ,सुरेश कुमार की माताजी व विकास ,प्रशांत व डॉ यश गुणधर की दादी थी। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया।

## अभियान

# ग्राम खेरथाबाजार समाधान शिविर में बरसते पानी में लोग डटे रहे और मामले निपटते रहे

### 4 हितग्राहियों को इलाज के लिए चेक एवं 3 को जनसंपर्क राशि का चेक वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

सुशासन तिहार के अंतर्गत बालोद नगर व डौंडीलोहारा विकासखंड के ग्राम खेरथाबाजार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिले के दोनों स्थानों में आयोजित समाधान शिविर में बरसते पानी में भी लोग बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की।

नगरीय निकाय के अंतर्गत जिला मुख्यालय बालोद के सरदार वल्लभभाई पटेल मैदान में आयोजित समाधान शिविर के अवसर पर विधायक संगीता सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक सहित नगर पालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष केसी पवार, पार्षद गिरिजेश गुप्ता, महेश पाठक उपस्थित थे।

नगर पालिका बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने सुशासन तिहार के महत्व एवं उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी। उन्होने कहां कि सुशासन का अर्थ होता है अच्छा शासन। जिसमें आम जनता के वाजिब मांगों एवं समस्याओं का पड़ताल कर निर्धारित समय अवधि में उनका समुचित निराकरण सुनिश्चित की जा सके और आम जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके। इसी मंशा के अनुरूप राज्य सरकार द्वारा सुशासन तिहार का आयोजन कर निर्धारित समय अवधि में आम जनता के मांगों एवं समस्याओं का समुचित निराकरण करने का अभिनव प्रयास किया गया है। उन्होंने जिला मुख्यालय बालोद के सभी नागरिकों से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का





लाभ उठाने हेतु आगे आने की भी अपील की। जिला मुख्यालय बालोद में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा 04 हितग्राहियों को इलाज हेतु स्वेच्छानुदान का चेक एवं 03 हितग्राहियों को जनसंपर्क राशि का चेक वितरण किया गया। श्रीमती चौधरी ने कहा कि आम जनता, अधिकारी-कर्मचारी एवं हम जनप्रतिनिधि सब मिलकर बालोद को एक सर्व सुविधा युक्त स्वच्छ एवं बेहतर शहर के रूप में विकसित करेंगे। कार्यक्रम मे कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि आज बरसते पानी के अलावा जिले में लगातार आयोजित हो रहे शिविरों में भीषण गमएँ के उपरांत भी बड़ी संख्या में आम जनता की उपस्थिति बालोद जिले वासियों का अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूकता का परिचायक है। मिश्रा ने कहा कि सुशासन तिहार के पहले चरण के अंतर्गत नगर पालिका परिषद बालोद के नागरिकों के द्वारा अपने मांगों एवं समस्याओं से संबंधित कुल 744 आवेदन प्रस्तु किया गया था। संबंधित विभागों के द्वारा इन सभी आवेदनों का गहन परीक्षण के उपरांत सभी 744 आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया गया। उन्होंने कहा कि इसके उपरांत भी आम नागरिकगण मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं उनसे संपर्क कर सकते हैं। मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के मंशानुरूप बालोद जिला प्रशासन जिला मुख्यालय बालोद सहित जिले वासियों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण तथा उन्हें हर संभव मदद उपलब्ध कराने के लिए —तसंकल्पित है।

इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी सुशासन तिहार के इस आयोजन को आम जनता के मांगों एवं समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करने का बहुत ही सराहनीय कारगर कदम बताया। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा शुरू किए गए इस सुशासन तिहार के आयोजन का बहुत ही दूरगामी परिणाम देखने को मिलेगा। जिला मुख्यालय बालोद के सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान में आयोजित समाधान शिविर के दौरान ऊर्जा विभाग से संबंधित 75, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के 482, महिला एवं बाल विकास विभाग के 56, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के 46 सहित कुल 744 आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी।

### समाधान शिविर के अंतिम चरन में योजनाओं की चित्र प्रदर्शनी लगी



**बालोद।** सुशासन तिहार के तीसरे एवं अंतिम चरण के अंतर्गत बालोद जिले के विभिन्न स्थानों पर आयोजित होने वाले समाधान शिविरों में जिला जनसंपर्क कार्यालय बालोद द्वारा नियमित रूप से स्टॉल लगाकर केन्द्र व राज्य सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित छायाचित्रें का प्रदर्शन किया जा रहा है।

इस दौरान जनसंपर्क विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा शिविर में उपस्थित होने वाले अतिथियों, अधिकारी-कर्मचारियों एवं आम नागरिकों विभाग की मासिक पत्रिका 'जनमन' एवं 'संवाद से समाधान' पाम्पलेट्स का वितरण भी किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आज जिला मुख्यालय बालोद के सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान में नगरीय निकाय के अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में जिला जनसंपर्क विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा अतिथियों, अधिकारी-कर्मचारियों एवं आम नागरिकों को बड़ी संख्या में जनमन पत्रिका एवं 'संवाद से समाधान' पाम्पलेट्स का वितरण किया।

इस अवसर पर जिला मुख्यालय बालोद के समाधान शिविर में जनसंपर्क विभाग के स्टॉल में जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर, सोशल मीडिया समन्वयक तनवीर खान सहित राजेन्द्र कुंजाम, कृष्णशरण साहू, घनश्याम चन्द्राकर, हुलेश रजक एवं सुरेन्द्र साहू सहित जिला जनसंपर्क कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# कुपोषित बच्चों को गोद लेकर दूध, केला और गुड़ सहित दी पोषण सामग्री

**भिलाई।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए पोषण अभियान के अंतर्गत कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायत बनाने की दिशा में सरपंचों और जनप्रतिनिधियों द्वारा 7 केंद्रों के लिए चना, मूंगफली, गुड़, सप्ताह में दो दिन दूध और केला, बच्चों को पोषण सामग्री सहित कुपोषित बच्चों को गोद लेकर पोषण सामग्री उपलब्ध करवाई जा रही है।

पोषण अभियान के अंतर्गत कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायत बनाने की दिशा में सरपंचों और जनप्रतिनिधियों की भूमिका सराहनीय बनती जा रही है। इस अभियान के तहत पूरे प्रदेश में दुर्ग जिले में सबसे अधिक 77 ग्राम पंचायतों को चयनित किया गया है, जहां अगले 6 माह में कुपोषण को कम करने का लक्ष्य तय किया गया है। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अजय कुमार साहू ने बताया कि चयनित ग्राम पंचायतों में 247 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं, पर्यवेक्षक और परियोजना अधिकारी समन्वय से कार्य कर रहे हैं। अभियान के तहत राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान कुपोषण से मुक्त हुए ग्राम पंचायतों का मूल्यांकन किया जाएगा और सर्वाधिक कुपोषण से मुक्त हुए पंचायतों को विभाग की ओर से एक लाख रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। इस अभियान और सेवा कार्य में सरपंच डॉ. राजेश बंछोर, दिनेश ठाकुर, तुलसी सिन्हा, विनय चंद्राकर, ज्योति गोलू चंद्राकर विशेष सहयोग कर रहे है। इन सभी ग्राम पंचायतों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा रेडी टू ईट मिलाकर लड्डू बनाया गया है। जिसे रोज कुपोषित बच्चों को खिलाया जा रहा है। चिन्हांकित ग्राम पंचायतों को कुपोषण मुक्त करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार गृहभेंट कर कुपोषित बच्चों और गर्भवती महिलाओं के खान-पान में विशेष ध्यान दे रही है।

### मेधावी छात्रा धरना ने 91.4 प्रतिशत लाकर बढ़ाया मान

**भिलाई।** स्वामी आत्मानंद स्कूल खम्हरिया की धरना साहू ने 91.4% लेकर शहर को गौरवान्वित किया है। धरना की इस सफलता पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने धरना साहू के घर जाकर उन्हें बुके, मिठाई भेंट कर बधाई दी। उन्होंने धरना की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग की सराहना करते हुए आगे की पढ़ाई के लिए हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। इस अवसर पर महापौर नीरज पाल, धर्मेंद्र यादव, राजेंद्र साहू, महेंद्र साहू, प्रवीण साहू ने उनके घर जाकर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# एसटीएफ कॉलोनी में बनेगी नई सिवरेज लाइन विधायक ने प्रस्ताव तैयार करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



वार्ड 56 बघेरा स्थित एसटीएफ कॉलोनी में नया सिवरेज लाइन बिछेगा। कॉलोनी में बिछे पाइपलाइन की समस्या से स्थानीय नागरिकों ने विधायक कार्यालय में समस्या बताई थी। जिस पर विधायक गजेन्द्र यादव ने इंजीनियरो की टीम के साथ मौका का निरिक्षण किया और शीघ्र ही इस्टीमेट तैयार करने निर्देश दिए है।

विधायक गजेन्द्र यादव ने बताया कि, बघेरा स्थित एसटीएफ कॉलोनी में बिछे सिवरेज लाइन जर्जर हो चुका है। गृह निर्माण मंडल द्वारा 2004 में अटल आवास भवन निर्माण किया गया था, उस समय से लगा पाइपलाइन पुराना होने के कारण जर्जर हो चुका है। जिसे बदलने के कॉलोनी में निवासरत लगभग 400 परिवारो ने व्यक्तिगत मुलाकात कर सिवरेज की समस्या से अवगत कराये थे। शीघ्र इस्टीमेट बनाकर शासन से स्वीकृति हेतु प्रस्ताव बनाने निर्देश दिया। उन्होने कहा बघेरा में विद्युत पोल की संख्या बढ़ाने काम चल रहा है, ताकी रात्रि में आने जाने में परेशानी न हो। इस दौरान पार्षद कुलेश्वर साहू, कमल देवांगन, साजन जोसफ, मंडल अध्यक्ष बंटी चौहान, कमलेश फेकर, महेन्द्र लोढ़ा, दिनेश नलोड़े सहित हाउसिंग बोर्ड के ईई आरके गोडबोले, सहायक अभियंता प्रिवेश साहू, उप अभियंता रिजवान चौहान एवं देवेंद्र पटेल उपस्थित रहे।

## दीपक नगर स्कूल में जिला और निगम प्रशासन की जमकर फजीहत

# खाली कुर्सी से मेयर नाराज, सभापति भी मायूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

मुख्यमंत्री द्वारा शुरू किए गए सुशासन तिहार में एक बार फिर आम जनता मूंह मोडते दिखी। नगरनिगम द्वारा तिलक स्कूल के बाद दूसरा शिविर बुधवार को दीपक नगर स्कूल में लगाए गए थे। यहां महापौर और सभापति खाली कुर्सी के सामने भाषण देते अचरच नजर आए। महापौर अल्का बाघमार ने अफसरों को कहा प्रचार प्रसार नही करने का ही नतीजा है कि, शिविर में कुर्सी खाली है। वहीं सभापति श्याम शर्मा ने कहा आने वाले साल में मेरे दावा है कि, सभी कुसियां भरी मिलेगी। शिविर में चार सौ कुर्सियां, दर्जनभर से अधिक जंबो कुलर, लाडस्पीकर सहित बडा पंडाल व रोचक स्टेज बनाए गए थे। लेकिन कुर्सी खाली होने से शिविर फीका दिख रहा था। इससे पहले भी तिलक स्कूल में शिविर का आयोजन किया गया था। जहा भी खाली कुर्सी ने प्रशासन की किरकिरी की थी। उसी तरह का हाल दीपक नगर स्कूल में रहा। शिविर में पीडित कुछ ही लोग पहुंचे, वही स्टेज को छोड पंडाल में खाली कुर्सियां निगम प्रशासन को बेचैन करती रही। शिविर में महापौर अलका बाघमार ने सभापति श्याम शर्मा, आयुक्त सुमित अग्रवाल एमआइसी सदस्यों और पार्षदो के संग सुशासन तिहार शिविर में लगें स्टॉल का निरीक्षण कर प्राप्त



आवेदनों के संबंध में जानकारी ली गई। नगर पालिक निगम दुर्ग स्वामी आत्मानंद स्कूल शिविर वार्ड 23 से 26, 47,48,59 एवं 60 तक की सुनवाई की गई। यहां मांग 96 शिकायत 42 मिले। इस तरह कुल-138 आवेदन थे। जिसमें से निराकृत-137 व एक लंबित के अलावा आबकारी विभाग प्राप्त आवेदन ऑनलाइन 1 मांग एक निराकरण किया गया। क्रेडा विभाग प्राप्त निरंक, स्वास्थ्य विभाग दुर्ग एमएचओ प्राप्त आवेदन 1 निराकरण 1 किया गया। खाद विभाग प्राप्त आवेदन 6 निराकरण, बिजली विभाग कुल प्राप्त आवेदन 2 निराकरण, श्रम विभाग कार्यालय प्राप्त आवेदन 25 निराकरण सहित अन्य विभाग के आवेदनों का निराकरण किया गया।

### मेयर ने कहा- करवाएं प्रचार-प्रसार

संबोधन के दौरान मेयर ने कहा आपसे प्रचार प्रसार में कमी हो गई हैं। उन्होने कहा आने वाले समय में घर घर पहुंचने वाले कचरा वाहन के जरिए लाउस्पीकर और पेपरों से प्रचार करे। मेरा दावा हैं कि, आने वाले दिनों नब्बे फीसदी आवेदन पहुंचेगें। उन्होने कहा मैने देखा रातभर पंडाल व अन्य सुविधा में अफसर लगे रहे, लेकिन दूसरे दिन कुर्सी खाली रह गई। सभापति श्याम शर्मा ने कहा इस बार लोगों को जानकारी नही मिल पाई, लेकिन आने साले साल में सभी कुर्सियां भरी रहेगी।

## पेज 11 के शेष

### खरीफ के लिए खाद-बीज ...

कहा कि सोसायटियों में खाद बीज उपयुक्त समय पर नहीं पहुंचने से किसान अधिक दाम में मार्केट से खाद खरीदेंगे किसान को आर्थिक क्षति तो होगी हो साथ ही सोसायटी का व्यवसाय भी कम होने से सोसायटी का भी आर्थिक क्षति होगी और मुफ्त में हमारी भाजपा सरकार की बदनामी भी होगी। नदी किनारे के किसानों को खाद-बीज की जरूरत जल्दी पड़ती है डीडाभाठा रानीतराई सोसायटी प्राधिकृत अधिकारी योगेश्वर साहू, निपानी सोसायटी बेनीराम साहू ने कहा कि नदी किनारे खेतों को पानी अनुकूलता से मिल जाती है किसानों को त्वरित खाद की आवश्यकता पड़ती है शीघ्र ही डीएपी एवं बीज उपलब्ध होना चाहिए नहीं तो किसानों का परेशान होना तय है। अधिकारी गण विशेष ध्यान दे शीघ्र खाद उपलब्ध कराए।

### डौंडी की 5 पंचायतों में रस्सी ...

राज व्यवस्था में सरपंच को मिले अधिकार का हनन करने में ही अधिकारी लग गए है , जिससे लगता है की उक्त योजना के कार्य का क्रियान्वयन हेतु शर्तों में छ. ग.पंचायत (सामग्री तथा माल क्रय)नियम का पालन किया जाए ,जैसे अन्य शर्ते कार्यादेश के पन्नो में शोभा दे रहे हैं अधिकारी ही शर्तो का उलंघन कराने में लगे है।

### सीएम की घोषणा के 25.50 ...

करोड़ रुपए की राशि से प्रमुख रूप से बस स्टैंड में शॉपिंग कॉम्लेक्स के लिए 40 लाख रुपए की स्वीकृति दिए है। यही नहीं इसके साथ वार्ड क्रमांक 1 में रामलाल यादव घर से राधे ठेठवार घर तक सीसी रोड़ हेतु 16.37 लाख, वार्ड 3 राम खिलावन घर से उत्तम सोनकर घर तक सीसी रोड एवं आरसीसी नाली निर्माण हेतु 11.26 लाख, बृजेश चंद्राकर फैक्ट्री से उड़िया बाड़ी तक आरसीसी नाली निर्माण हेतु 11.45 लाख, साप्ताहिक बाजार में पेवर ब्लाक हेतु 18.53 लाख, खाद गोदाम के सामने गौठान में पेवर ब्लॉक हेतु 10.78 लाख, बस स्टैंड के पास नाली निर्माण हेतु 11.54 लाख, ट्यूबलर पोल हेतु 64.30 लाख, नगर पंचायत कार्यालय के पास पेवर ब्लॉक हेतु 12.36 लाख सहित वार्ड क्रमांक 5, 7 एवं 9 में भी सीसी रोड और आरसीसी नाली का निर्माण कार्य स्वीकृत है। जिसमें से कुछ एक काम को छोड़कर सारे काम अप्रारंभ है और जो काम प्रारंभ भी हुए है वह भी गुणवत्ताहीन है। ट्यूबलर पोल में बनाए गए फाउंडेशन में पानी तराई ही नहीं की गई है। सीएमओ को ज्ञापन सौंपने प्रमुख रूप से जिला भाजपा उपाध्यक्ष नरेश यदु, मंडल अध्यक्ष विश्वास जीतू गुप्ता, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रहास रेवाराम देवांगन, वरिष्ठ नेता चंद्रहास देवांगन, अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति अर्जुंदा छांगू यादव, पार्षद गुमान भोलू यादव, उमेश देवांगन, विनोद सिन्हा, रमेश सोनी, ज्ञान सिंह ठाकुर, खोमन चंद्राकार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सुशासन तिहार के शिविर ...

के नाम पर जनता की समस्याएं जरूर आती है। जनता की समस्या शिविर में पहुंच रही है, लेकिन समाधान कही दिखाई नही देता है। हमेशा समस्याओं को पेंडिंग में रखा जा रहा है। विधायक संगीता सिन्हा ने इस दौरान राजस्व विभाग का उदाहरण देते हुए समाधान शिविर के आंकड़ों की पोल खोल डाली और कहा कि राजस्व प्रकरण के निराकरण में हमारा बालोद जिला समाधान के मामले में 29 वें स्थान पर है, विधायक सिन्हा ने कहा कि समाधान शिविर के नाम पर भारतीय जनता पाटएँ अपनी योजनाओं का प्रचार प्रसार कर रही है।

**खबर संक्षेप**

## भाजपा मंडल अर्जुंदा की कार्यकारिणी की गठित



**बालोद।** गुरुवार को जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख की अनुशंसा पश्चात प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन सहाय के अनुमोदन के बाद भाजपा मंडल अर्जुन्दा अध्यक्ष विश्वास जीतू गुप्ता की कार्यकारणी का गठन किया गया है। उपाध्यक्ष हेतु युगल बोरकर, सरिता ठाकुर, दौलत देशमुख, संजय साहू को दायित्व सौंपा गया। वही महामंत्री हेतु रोशन अमृत व गुमान यादव, कोषाध्यक्ष प्रदीप साहू व मंत्री दानेश्वर साहू, सावित्री शर्मा, त्रिवेणी सिन्हा, नेम बाई साहू को बनाया गया। पवन सोनबरसा, खिलेश्वरी साहू, नोखेराम बेलचंदन, पालेश्वर देशमुख, श्रीराम मंडले, बृजेश सोनी, भुनेश्वर साहू, होमलाल साहू, संतराम पटेल, सोमन निषाद, लेखनारायण तिवारी, मुकेश जैन, देवेंद्र यादव, परमानंद देवांगन, फ़गवा निर्मलकर, निलेश साहू, कमलेश ठाकुर, वीरेंद्र देवांगन, संतोष ताराम, छबीलाल कोर्राम, गायत्री ठाकुर, रूपा देवांगन ,पूर्णानंद बेलचंदन, गोदावरी साहू, सुरेंद्र देवांगन, मोहनी बाई हिरवानी, सुधा चौधरी, उषा साहू, लोकेश्वरी देशमुख, ललिता देवांगन, रुक्मणी सोनकर, टिकेश्वरी साहू, हेमलाल विश्वकर्मा, गीतांजलि सोनी को भाजपा मंडल अर्जुंदा में कार्यकारणी सदस्य होंगे।

## निकुम में रामायण सम्मेलन कल होगा

**बालोद/निकुम।** ग्रामवासी निकुम के संयुक्त तत्वाधान में श्री सिद्ध पीठ दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर प्रांगण बाजार चौक निकुम में एक दिवसीय रामायण सम्मेलन का आयोजन 17 मई शनिवार को सुबह 10 बजे शुभारंभ होगी। जिसमें छत्तीसगढ़ की प्रख्यात मानस मंडली पूजा मानस परिवार चिरको महासमुंद, श्री राम —पा मानस परिवार सालिक झीटिया, स्वरांजलि मानस परिवार खुरसुल, हरितनय मानस परिवार परखंदा, वेद श्रवण मानस परिवार पलांदूर मोहल्ला की मनमोहक प्रस्तुति सुबह 10 बजे से होगी, यह जानकारी आयोजक समिति प्रमुख व सरपंच निकुम भागवत पटेल ने दी।

## 10वीं-12वीं पुनर्गणना की प्रक्रिया प्रारंभ

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित होने के 15 दिन तक पुनर्गणना,पुनर्मूल्यांकन व उत्तरपुस्तिका की छायाप्रति प्रदाय करने हेतु इन तीनों प्रक्रिया के लिए अथवा किन्हीं दो प्रक्रिया के लिए अथवा किन्हीं एक प्रक्रिया के लिए मण्डल द्वारा निर्धारित शुल्क के साथ आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।पुनर्गणना हेतु प्रति विषय 100 रुपए, पुनर्मूल्यांकन हेतु प्रति विषय 500 रुपए एवं उत्तरपुस्तिका की छायाप्रति प्रदाय हेतु प्रति विषय 500 रुपए शुल्क निर्धारित है।जानकारी प्रदान करते हुए डौंडीलोहारा विकासखंड के समन्वयक संस्था शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के परीक्षा प्रभारी लवण कुमार साहू ने बतलाया कि उपरोक्त प्रक्रिया के लिए अंतिम तिथि 22 मई है उक्त समयावधि पर कोई भी विद्यार्थी अग्रेषण संस्था या स्वयं से भी ऑनलाइन आवेदन मंडल को कर सकता है।

**खेलकूद : शिविर युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर : कोच सिन्हा**

# ग्रीष्मकालीन खेल शिविर में अनुशासन की प्रेरणा दी गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम कन्नेवाड़ा करहीभदर में ग्रीष्मकालीन खेल शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जिला हॉकी संघ अध्यक्ष तोमन साहू, शबरी स्पोर्ट्स क्लब अध्यक्ष मिथलेश तारम, प्रशिक्षक कोच तोरण सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष सूर्यकांत सिन्हा, जनपद सदस्य प्यारी राणा एवंजनपद सदस्य लोकेश डडसेना, करहीभदर सरपंच बसंत तारम, कन्नेवाड़ा सरपंच लता सिन्हा, चिरईगोड़ी सरपंच पेमीन साहू, जिला हॉकी संघ सदस्य लीलाधर साहू, तेजेश्वर साहू, दिनेश साहू, गमनेश्वर तारम, चंद्रकांत साहू एवं खुनेश्वर गजेंद्र विशेष रूप से उपस्थित रहे। पलक गण त्रिलोचन भवारिया, पूरन सिंह, डिगेश्वर कुलदीप एवं पूरन कुलदीप की उपस्थिति रही।



जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को संबोधित करते हुए उन्हें अनुशासन व मेहनत के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी और कहा कि बच्चे राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर पर खेलकर क्षेत्र का नाम रोशन कर सकते हैं। प्रशिक्षक कोच तोरण सिन्हा ने जानकारी दी कि अब तक सैकड़ों छात्र–छात्रएं इस शिविर से प्रशिक्षण प्राप्त कर शासकीय विभागों सहित विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में सफलतापूर्वक कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि यह शिविर युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, जिससे वे न केवल खेलों में निपुण हो सकते हैं बल्कि अपने करियर को भी सशक्त बना सकता है।

## रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट जेआरसीसी क्लब ने स्पर्धा की

**जामगांव आर।** जेआरसीसी क्लब एवं ग्रामवासी जामगांव आर के तत्वाधान में रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित किया गया है। जिसके शुभारंभ समारोह में अतिथि अशोक साहू पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग, रूपेंद्र शुक्ला सरपंच ने की, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस राजेश ठाकुर, उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस उमाकांत चंद्राकर, पूर्व सभापति जिप जयप्रकाश चंद्राकर, उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस प्रेमप्रकाश पांडे, आशीष जैन, सदस्य जप भास्कर बंछोर, मनीष जैन, प्रमोद देवांगन थे।



पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत अशोक साहू ने कहा कि युवा खेल के साथ देश प्रेम की भावना में समर्पित हो। युवा हमारे देश के भविष्य है। इस आयोजन में कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष राजेश ठाकुर का सराहनीय योगदान है। सरपंच रूपेंद्र शुक्ला ने 40 वर्ष पूर्व इस क्रिकेट समिति को अनवरत नए कलेवर में जारी रखने के लिए युवा साथियों एवं अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद दिए। इस दौरान मेघनाथ सागरवंशी, सुनील चंद्राकर, रमेश साहू, प्रेमचंद चौरडिया, रामकुमार साहू, पोषण साहू, रामकृष्ण साहू, ऋषभ चंद्राकर, ज्योतिष यादव, रघुबर सेन, मुकेश शुक्ला, विजय साहू, राहुल कुलदीप, नोहर नेताम, डेनिस साहू, मुनी चंद्राकर, तुषार साहू, शुभम साहू, नीतीश सोनबोईर, धीरज साहू, किवेश चंद्राकर, मुकेश निर्मल, गीत पटेल, राधेरमन यादव, वामन पटेल, राज नेताम, बलराम ठाकुर, राजा देशमुख, दिनेश यादव, बबलू निर्मल, कमलेश साहू, दिलेश्वर साहू, सूरज निर्मल, भाईचंद, हरीश साहू, पिंटू निर्मल, नरेश यादव, उमेश विश्वकर्मा, रिंकू पटेल, आशीष साहू, गुलशन साहू, प्रेम ठाकुर, टिकेश, खुशहाल, निखिल, भोलू, इशू यादव, यश राठी सहित खिलाड़ी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## सिरसिदा एवं पेंडरवानी में आज समाधान शिविर

**बालोद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं को राज्य के जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुँचाने शुरू की गई 'सुशासन तिहार 2025' के अंतर्गत तृतीय एवं अंतिम चरण में समाधान शिविरों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत शुक्रवार 16 मई को गुण्डरदेही विकासखण्ड के जगभाठा सिरसिदा एवं गुरूर विकासखण्ड के ग्राम पेण्डरवानी हायर सेकण्डरी स्कूल मैदान में 'समाधान शिविर' का आयोजन किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि समाधान शिविर में गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम जगभाठा सिरसिदा में ग्राम ओटेबंद, डौकीडीह, खप्परवाड़ा, सिरसिदा, परसदा डंग, देवरी (क), अर्जुनी, गोरकापार, पांगरी, सुखरी, तमोरा, सिरएँ, तिलोदा, साजा, भेण्डरा, कचान्दुर के निवासी समाधान शिविर में शामिल होंगे। इसी तरह गुरूर विकासखण्ड के हायर स्कूल मैदान पेण्डरवानी के समाधान शिविर में ग्राम देवकोट, गंगोरीपार, बासीन, परसुली, डढारी, खुंदनी, पेरपार, अकलवारा, सरबदा, फागुन्दाह, दर्रा, कंवर के निवासियों के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर का आयोजन निर्धारित तिथि को सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक किया जाएगा।

# डंगनिया-परसदा जर्जर मार्ग की मरम्मत की मांग विसं में गूंजी फिर कार्य शुरू नहीं हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम डंगनिया से परसदा रेलवे फाटक तक लंबे समय से लोग कर रहे मरम्मत की मांग डंगनिया से परसदा रेलवे फाटक से पीडब्ल्यूडी प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना काफी जर्जर हो गयी है. इससे आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही है. लंबे समय से सड़क जर्जर रहने से परेशानी लोगों ने इसे मरम्मत की मांग कर रहे हैं. बता दें कि यह सड़क प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से बने थे. इसकी लंबाई 3 किमी है. मरम्मत के अभाव में सड़क पर बड़े बड़े गढ्ढे ही गढ्ढे हो गये और गिट्टी निकल आये है. बाइक व चारपहिया वाहन चालक परेशान रहते हैं. यह सड़क एक ओर सिरसिदा के तरफ और दूसरे परसदा रेलवे फाटक के तरफ जाते हैं। लेकिन, सड़क जर्जर होने के कारण परेशानी हो रही है. स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी मरम्मत की मांग की है।

■ आवागमन में लोगों को काफी परेशानी हो रही है : पूर्व जनपद सदस्य चन्द्राकर



इससे दोपहिया वाहन चालकों के गिरने का भय बना हुआ है। लोगों का कहना है कि सड़क के गड्ढों को भरने के बजाय सड़क में डामरीकरण कराया जाए। परसदा सरपंच श्रीमती सत्यवती साहू , क्षेत्र के निरंजन साहू, दिनेश्वर निर्मलकर, व्दरिका साहू,धनी राम साहू, सुमित,अजय,धीरज मंडावी, राकेश,जीवन,उदय, किशोर,ढानेश्व, पप्पू सहित आदि लोगों ने शासन से सड़क डामरीकरण की मांग की है।

### विधानसभा में भी मामला गूंजा

पूर्व जनपद सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति गुरेदा भरत लाल चन्द्राकर डंगनिया निवासी ने बताया कि डंगनिया से परसदा रेलवे फाटक तक के सड़क बहुत जर्जर हो चुका है, सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को होती है। जिसकी मरम्मत के लिए गुण्डरदेही ब्लाक क्षेत्र के विधायक कुंवर सिंह निषाद जी को कई बार आवेदन दे चुके हैं, गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने विधानसभा के शून्यकाल में उठाया पर डंगनिया से परसदा रेलवे फाटक जो 3 किमी पीडब्ल्यूडी सड़क है, वर्तमान में काफी जर्जर हो गयी है. विधायक ने सड़क को पीडब्ल्यूडी से सड़क मरम्मत करवाने की भी मांग की है।

## मंडप सजाकर पुतरा पुतरी विवाह रचाया



**डौण्डीलोहारा।** वनांचल ग्राम रेंगाडबरी आमापारा एवं टोलापारा में बच्चों एवं महिलाओं द्वारा रीति-रिवाज से बाजे गाजे एवं डीजे के साथ मंडप बनाकर बाजार चौक से चुलमाटी की रस्म निभाई गई, रात्रि में पुतला पुतली में तेल हल्दी चढ़ाकर एक दूसरे में हल्दी लगाकर मायन नाचा नाचकर आमापारा से बाजार चौक के चौराहे में बारात के लिए प्रस्थान किया साथ ही साथ समधिन भेंट कि रस्म निभाई गयी एवं फटाके फोड़ते हुए बारात परघाया गया। रात्रि में टिकावन का कार्यक्रम भी संपन्न किया गया साथ ही साथ शादी की रश्मे को निभाते हुए पुड़ी खीर लड्डू एवं प्रीति भोज खिलाकर पुतला पुतली का विवाह संपन्न किया गया, बताया जाता है कि वनांचल क्षेत्र में स्कूली बच्चे एवं महिलाओं द्वारा मनोरंजन के लिए प्रतिवर्ष पुतला पुतली का विवाह बड़े ही उत्साह पूर्वक किया जाता है, इस विवाह में बच्चों के साथ-साथ मोहल्ले की महिलाएं भी बढ चढ कर कार्यक्रम में शामिल होती हैं, इस कार्यक्रम में मोहल्ले के सभी महिलाओं का सहयोग रहा।

# डौंडीलोहारा भाजपा मंडल की कार्यकारिणी की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

भाजपा मंडल डौंडीलोहारा की अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने अपने कार्यकारिणी की घोषणा की है भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरणदेव जी संगठन महामंत्री पवन साय जी भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख जी की अनुशंसा के उपरांत मंडल के पदाधिकारियों की सूची जारी कर दी गई है। जिसके अनुसार अध्यक्ष कुसुम शर्मा, उपाध्यक्ष संदीप लोढ़ा, सुरजभान साहू, लता गुप्ता,हेमलाल देशलहरा बनाए गए हैं, इसी तरह महामंत्री सुमेन्द्र देशमुख ,दुष्यंतगिरी गोस्वामी, कोषाध्यक्ष मोहन निषाद बनाए गए हैं।

मंत्री पद में धर्मेन्द्र निषाद, धनेश्वरी अटल, राजेश्वरी भुआर्य पलाश गुप्ता शामिल हैं ।कार्यकारिणी सदस्यों में सुरेश केशरवानी,गैंदमल भंसाली, पायल सोनी, यतेन्द्र देवांगन, मनोहर कोकिला, संतराम कृपाल, धीरेन्द्र टांक, दुलार सिंह, हिम्मत देशमुख, हरीश बर्मन, इकबाल अरोरा, दिलीप सिन्हा गणेशु राम ठाकुर, रतन भोसले, धीरज जैन, रोहणी निषाद, तुलेश्वरी सिन्हा, पुर्णिमा प्रजापती, विद्या नायक, मीनू ठाकुर,ढाल सिंह साहू, प्रीतम साहू, शशि सोनी, मनोज भंडारी, नारायण सिन्हा, हेमन्त साहू, रवि जैन, भुवन यादव, दिलीप बांडे, मोहन ठाकुर,दिलीप बाफना, पंचुराम रावटे, विशेश्वर विश्वकर्मा, सुरेश देवांगन, देव देवांगन, आरती संचेती, देवनारायण साहू, मनीष राजपूत, सुरेश साहू आदि शामिल हैं। सभी पदाधिकारियों को मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने एकजुटता के साथ मिलकर संगठन की मजबूती और आगामी चुनाव में भी नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव की तरह सफलता अर्जित करने के लिए मेहनत करने हेतु शुभकामनाएं दी।



## भाजपा गुरुर मंडल की कार्यकारिणी घोषित



**गुरूर।** भारतीय जनता पार्टी गुरुर मंडल अध्यक्ष आनंद शर्मा ने अपनी मण्डल कार्यकारणी की घोशणा करते हुए पदाधिकारियो की सूची जारी की है। भारतीय जनता पार्टी मंडल गुरूर मे 4 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री, 1 कोशाध्यक्ष, 4 मंत्री बनाए गए है। जिसमे उपाध्यक्ष प्रेमसाय कलिहारी, गणे"वरी खरेन्द्र, लेखक चतुर्वेदी, धर्मेन्द्र साहू, महामंत्री लिखे"वर साहू, ताम्रध्वज साहू, कोशाध्यक्ष लेखराजपूरी गोस्वामी, मंत्री रोहित नेताम, जिते"वरी निशाद, दिने"वरी सिन्हा, प्रभा ठाकुर, कार्यकारिणी सदस्य सुभद्रा साहू, उल्फी देवी नेताम, पिंकी रानी चन्द्राकर, रमशीला, रेणुका रावटे, प्रतिमा कौशिक, बिंदा यादव, चन्द्रलता साहू, मधु जगदल्ले, कुन्ती सिन्हा, गोविंद साहू, धनराज पटेल, जितेन्द्र यादव, जगदीश नागवंशी, भारत लाल साहू, अशोक साहू, रामस्वरूप सिन्हा, मानिक सिन्हा, दीनदयाल साहू, भूखन निशाद, योगेश साहू, पिमन साहू, नारायण टेके, नरेन्द्र साहू, परमानंद साहू, एसराम साहू, रोमन ओटी, झाडू राम चन्द्रवंशी, सहदेव हिड़को, द्वारिका साहू, चमन लाल साहू, टिकाराम महिलांगे, धनेश राम साहू, दुष्यंत कुमार साहू बनाए गए है।

# साइबर धोखाधड़ी के 2 आरोपी भोपाल व ग्वालियर से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पुलिस ने साइबर फ्रॉड के 2 आरोपियों को मध्य प्रदेश के ग्वालियर एवं भोपाल से गिरफ्तार किया गया। क्रेडिट कार्ड बंद होने का झांसा देकर प्राथएँ से धोखाधड़ी किया था। इस कार्यवाही मे साइबर सेल टीम बालोद व चौकी पिनकापार की विशेष भूमिका रही।

मामले मे थाना देवरी मे धारा 420 आईपीसी के प्रकरण में प्राथएँ को क्रेडिट कार्ड बंद करने के नाम से कॉल कर उसके क्रेडिट कार्ड से 50878 व 8451 कुल 59329 रुपए की धोखाधड़ी किया गया था, अज्ञात आरोपियों के पतासाजी हेतु चौकी पिनकापार व साइबर सेल से विशेष टीम बनाकर भोपाल व ग्वालियर मध्यप्रदेश रवाना किया गया।



बैंक से जानकारी प्राप्त करने पर लाभान्वित खाता कोटक महिंद्र बैंक का अकाउंट ग्राम अमरोल पोस्ट अमरोल थाना चिनो जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश निवासी महेंद्र कुशवाह पिता नंद लाल कुशवाह 21 वर्श के नाम से पाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर फ्राड के प्रकरण में आरोपियों के पतासाजी हेतु सायबर सेल बालोद व चौकी पिनकापार से विशेष टीम गठित कर आरोपियों के पता साजी हेतु मध्यप्रदेश रवाना किया गया था टीम द्वारा ग्वालियर पहुच कर आरोपी के संबंध मे जानकारी प्राप्त कर प्रकरण के आरोपी ग्राम अमरोल पोस्ट अमरोल थाना चिनो जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश निवासी नाम महेंद्र कुशवाह पिता नंद लाल कुशवाह 21 वर्श एवं ग्राम बाग सेवनिया मकान न 52 थाना बाग सेवनिया भोपाल मध्यप्रदेश निवासी शंकर प्रजापति पिता त्रिलोकी प्रजापति 31 वर्श को भोपाल से नगदी रकम 2000 रूपये जब्त व गिरफ्तार कर जिला बालोद लाया गया आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## मौसम का कहर जारी, 1 घंटे तक हुई बरिश

**डौंडीलोहारा।** एक-दो दिन के अंतराल में लगातार बारिश का कहर जारी है,नगर व आसपास के दो तीन किलोमीटर के क्षेत्र में गुरुवार को चार से 5 बजे के बीच झमाझम बारिश हुई। सुबह से दोपहर तक धूप व बदली का खेल चलता रहा, शाम को अचानक 4:00 बारिश प्रारंभ हो गई, जिस हिसाब से वर्षा हुई, लेकिन हवा नहीं चलने के कारण उमस व बेचैनी के लोग परेशान रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**गायत्री पीठ का युवा शिविर 18 तक जारी रहेगा**

# नित्यकर्म व प्राणायाम शरीर और मन को रखता है तरोताजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

गायत्री शक्ति पीठ द्वारा आयोजित युवा शिविर का शुभारंभ सुबह 4 बजे से नित्यकर्म क्रिया के सांथ आरंभ हुआ। योग प्रणायाम योग प्रशिक्षक पीलू राम साहू द्वारा किया गया। जिसका आयोजन 14 से 18 मई तक किया जा रहा है। शिविर की कक्षाएं में व्यक्तित्व निर्माण के सूत्र, बुद्धि बढ़ाने के सूत्र जैसे विषयों पर चर्चा करते हुए जन्मदिन वैदिक परंपरा के साथ मनाने हेतु शिविराथएँ को प्रेरित किया गया।

गायत्री शक्ति पीठ की परंपरा से प्रेरित होकर ब्लॉक सह समन्वयक गुरुर डॉ गोपाल साहू ने अपना जन्मदिन शक्तिपीठ में गायत्री यज्ञ कर मनाया। गायत्री शक्ति पीठ में पहुंच कर हवन पूजन किया और हवन पूजन में जन्मदिन संस्कार को लोगों एवं अपने मित्रें को प्रेरित किया। गायत्री परिवार जिला बालोद के समन्वयक बीएस अठनागर, ब्लॉक समन्वयक डीएस गंजीर एवं युवा शिविर में आए टोली नायक तुलसी कैलाश साहू द्वारा यज्ञ की समस्त क्रियाएं संपन्न कराई गईं। उन्होंने कहा कि पहले जन्मदिन वैदिक परंपरा के अनुसार मनाए जाते थे। लेकिन अब पाश्चात्य संस्कृति का बोलबाला है, समय आ गया है कि हम सभी को अपनी परंपरा के अनुसार ही जन्मदिन मनाना चहिए।



इस दौरान जनपद सदस्य डॉ हरिशंकर गंजीर ने कहा संस्कार ही व्यक्ति की पहचान है, इसे अपनाकर जीवन को समृद्ध एवं परिवार को खुशहाल बनाया जा सकता है, साथ ही रक्तदान करने युवाओं का आवाहन किया। शिविर में लगभग 150 शिविराथएँ शामिल हुवे। जिला युवा प्रकोष्ठ दिलीप निर्मलकर द्वारा युवा शिविर में भाग लिए सभी शिविराथएँ को अनुशासन में रह कर जीवन जीने हेतु प्रेरित किया गया।

